जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, जयपुर

U.O. NOTE

विषयः दिनांक–15/08/2020 को प्रमुख समाचार–पत्र राजस्थान पत्रिका जयपुर संस्करण में प्रकाशित खबर शीर्षक "ठंडे बस्ते में दूध की थैलियों के निस्तारण की योजना" के संबंध में।

परिवादी का नाम–: ज्ञानेश कुमार

संदर्भ–: उप–प्रबंधक एम.आई.एस द्वारा प्रेषित यूओ.नोट क्रमांक 16706–7 दिनांक–16/09/2020

महोद्‌य,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में निवेदन निम्नानुसार है–:

दिनांक–15/08/2020 को समाचार–पत्र राजस्थान पत्रिका जयपुर संस्करण में प्रकाशित खबर शीर्षक "ठंडे बस्ते में दूध की थैलियों के निस्तारण की योजना" के नाम से खबर छपी है।

उपरोक्त कार्य हेतु एक निविदा सूचना दैनिक भास्कर एवं टाईम्स ऑफ ईण्डियॉ में दिनांक–15/09/2019 को प्रकाशित की गई। उल्लेखनीय है कि दिनांक–30/09/2019 तक किसी भी पार्टी के द्वारा इस निविदा में भाग नही लिया गया था। इस ई–निविदा को दिनांक–07/10/2019 तक बढ़ा दिया गया। दिनांक–07/10/2019 तक भी किसी भी पार्टी ने अपनी निविदा प्रस्तुत नही की थी। पुनः कोई निविदा प्राप्त नही होने के कारण इस ई–निविदा को दिनांक–25/10/2019 तक बढ़ाया गया। इसी तरह कोई भी निविदादाता नही आने की वजह से निविदा की दिनांक–26/11/2019 तक बढ़ा दी गई एवं 26/11/2019 को एक पार्टी द्वारा निविदा में भाग लिया गया, जिसका वित्तीय भाग दिनांक–02/12/2019 को खोला गया। मैसर्स यासीन प्लास्टिक ट्रेडर्स से नेगोशियेशन के उपरांत दर रू. 34.10 प्रति कि.ग्र + अतिरिक्त कर प्राप्त हुई, जिसे कमेटी सदस्यों ने बहुत अधिक माना एवं निविदा को माह दिसम्बर–2019 में निरस्त कर दिया गया।

टैण्डर से पार्टी का चयन संभव नही होने के उपरांत जयपुर नगर निगम का सहयोग लेने का निर्णय लिया गया। नगर निगम पहले से ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत् Wast Collection का कार्य कर रही थी।

अतः निगम से मदद लेने हेतु एक पत्र डिप्टी कमिश्नर, जयपुर नगर निगम को दिनांक–25/09/2019 को प्रेषित किया गया, किन्तु आज दिनांक तक नगर निगम, जयपुर द्वारा इस विषय में कोई सहयोग नही किया गया है, ना ही पत्र का जवाब दिया गया है।

इसके उपरांत कोविड़–19 महामारी फैलने के कारण मात्र आवश्यक सेवाओं (दुग्ध एकत्रित करना व वितरण करना) को प्राथमिकता से किया गया। संक्रमण के इस काल में पॉलिथिन कलक्शन के कार्य हेतु पार्टियॉ मिलना संभव नही था।

तत्पश्चात् पुनः दिनांक–20/07/2020 को खाली दूध की थैलियों को जयपुर डेयरी से इकट्ठा कर बोरो में भरकर ले जाने हेतु (प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के अंतर्गत रजिस्टर्ड) पार्टियों को भाग लेने हेतु निविदा प्रकाशित की गई। उसका वित्तीय भाग दिनांक–19/08/2020 को खोलकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत कार्यालय आदेश क्रमांक 15663–71 दिनांक–01/09/2020 को मैसर्स पर्ल पॉलिपैक्स को आर.ए.एल जारी किया गया।

पार्टी द्वारा अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करने के उपरांत जयपुर डेयरी द्वारा दिनांक–05/09/2020 से 04/09/2021 तक के लिए कार्य आवंटित किया गया है।

JZDUSS/ 4132-33/-------------Date-25/09/2020

25/09/20

उप–प्रबंधक (पी.सी.ओ)

प्रभारी (पुराना संयंत्र)

27/9/2020

R. C. KABRA
Incharge (Old Plant)
Jaipur Dairy

DM (MIS) / DM (Legal)

28/9/20

Uploaded.